

सांध्य दैनिक 4PM



ताकत शारीरिक शक्ति से नहीं आती है। यह अदम्य इच्छाशक्ति से आती है।
-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 9 ● अंकः 115 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, गुरुवार, 1 जून, 2023



पीवी सिंधु थाईलैंड ओपन... 7 | चुनाव पर तनाव: सियासी दल लगाने... 3 | भाजपा की गलत नीतियों को जने... 2


# हेलो मिस्टर मोदी



» यूएस में फोन टेपिंग को लेकर राहुल ने लगाए मोदी सरकार पर गंभीर आरोप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में अपने फोन टेपिंग को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया गया है कि उनके फोन को टैप किया जा रहा है। दरअसल, अमेरिका के दौरे पर पहुंचे राहुल सिलिवन वैली के स्टार्टअप एंटयप्रेन्योर के साथ बातचीत कर रहे थे। वह 'प्लग एंड प्ले' ऑडिटोरियम में एंटयप्रेन्योर को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा, मशीन लर्निंग के इंसानों पर प्रभाव पर बात की। डाटा पर बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि डाटा दुनिया में नया सोना बनकर उभरा है और भारत जैसे देशों को इसकी क्षमता का अंदाजा लग गया है। उन्होंने आगे बताया कि डाटा सेफ्टी और सिक्योरिटी को लेकर उचित नियम होने चाहिए। इसके बाद ही उन्होंने फोन टैप किए जाने का आरोप लगाया। राहुल पेगासस स्पाइवेयर और उसके जैसी टेक्नोलॉजी के मुद्दे पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान राहुल ने ऑडियंस में बैठे लोगों से कहा कि वह अब इस तरह की टेक्नोलॉजी को लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं।

राहुल ने यहां तक कह दिया कि वह बखूबी जानते हैं कि उनके फोन को टैप किया जा रहा है। फिर उन्होंने मजाकिया अंदाज में मोबाइल निकालकर कहा, 'हेलो, मिस्टर मोदी।' उन्होंने कहा, 'मैं ये मानकर चलता हूं कि मेरा आईफोन टैप किया जा रहा है। आपको एक देश और एक व्यक्ति के रूप में डाटा इंफोर्मेशन की गोपनीयता के संबंध में नियम बनाने की जरूरत है।' राहुल ने दावा किया कि अगर किसी देश ने फैसला कर लिया है कि वह आपके फोन को टैप करना चाहता है, तो उसे ऐसा करने से कोई रोक नहीं सकता है। ऐसा मेरा मानना है।

वह आगे कहते हैं कि अगर किसी देश की फोन टैपिंग की इच्छा है, तो फिर ये एक ऐसी लड़ाई है, जिसे लड़ने का कोई फायदा नहीं है। मुझे लगता है कि मैं जो भी करता हूं, उसकी जानकारी सरकार को है।

## मुझे मानहानि की इतनी बड़ी सजा मिली

वॉशिंगटन। अमेरिका मे राहुल गांधी ने गुरुवार को संसद सदस्य के रूप में खुद को अयोग्य घोषित किए जाने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं शायद पहला व्यक्ति हूं जिसे मानहानि के लिए अधिकतम सजा दी गई है। अमेरिका में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की यात्रा के दौरान राहुल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि जब मैं 2004 में राजनीति में आया था, तो मैंने कभी नहीं सोचा था जो आज देश में हो रहा है। मानहानि के लिए अधिकतम सजा पाने वाला मैं पहला व्यक्ति हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा कुछ संभव है।

## ये हमारी लड़ाई है, मैं किसी से मदद नहीं मांग रहा हूं

राहुल गांधी से पूछा गया कि क्या वह घरेलू चुनौतियों से निपटने के लिए विदेशी मदद मांग रहे हैं। उन्होंने इनकार करते हुए कहा, मैं किसी से समर्थन नहीं मांग रहा हूं। मुझे पता है कि हमारी लड़ाई। लेकिन हां, यहां भारत के युवा छात्र हैं और मैं उनसे संवाद करना चाहता हूं और ऐसा करना मेरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को भी लोगों से बातचीत करनी चाहिए और कुछ कठिन सवालों के जवाब देना चाहिए।

## भारत में विपक्ष संघर्ष कर रहा है

राहुल गांधी ने स्टैनफोर्ड में कहा कि सांसद के रूप में उनकी बर्खास्तगी ने उन्हें संसद में बैठने की तुलना में एक बड़ा अवसर दिया। यहां पर उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र किया। राहुल ने कहा, भारत में विपक्ष संघर्ष कर रहा है। बीजेपी ने संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। हम लोकतांत्रिक तरीके से लड़ रहे हैं। जब हमने देखा कि कोई भी संस्थान हमारी मदद नहीं कर रहा है तो हम सड़कों पर उतर आए और इस तरह भारत जोड़ो यात्रा हुई।

## राहुल विदेश जाकर सिर्फ विलाप करते हैं : रविशंकर प्रसाद



नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संस्थाओं का सम्मान नहीं करते और विदेश जाकर विलाप करते हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मोहब्बत का पैगाम बहाना है, राहुल गांधी नफरत का बाजार फैला रहे हैं, वो भारत के विकास के खिलाफ हैं, उन्होंने कहा कि राहुल मोदी के विकास के खिलाफ अविश्वास का बाजार फैलाते हैं। बीजेपी सांसद ने कहा कि राहुल गांधी की प्राथमिकता दुनिया में घूम-घूमकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाना है, वो नफरत की दुकान चलाने निकले हैं। दरअसल राहुल गांधी ने कहा, भाजपा लोगों को धमका रही है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है. 'भारत जोड़ो यात्रा इसलिए शुरू की गई क्योंकि लोगों से जुड़ने के लिए हमें जिन साधनों की जरूरत थी, उन सभी पर भाजपा- आरएसएस का नियंत्रण है।

# मणिपुर हिंसा की जांच के लिए बनेगा न्यायिक आयोग

» हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे निगरानी

» गृहमंत्री ने की घोषणा- सीबीआई की टीम भी करेगी जांच

» हथियार जमा करें, नहीं तो सख्त कार्रवाई होगी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



इंफाल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एलान किया कि मणिपुर हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया जाएगा। साथ ही सीबीआई द्वारा भी हिंसा की घटनाओं की जांच की जाएगी। गृहमंत्री ने कहा कि हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच होगी। अमित शाह ने पीड़ितों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने का एलान किया, जिनमें से 5 लाख केंद्र सरकार और पांच लाख राज्य सरकार द्वारा दिए जाएंगे।

गृहमंत्री ने लोगों से अपील की कि जिनके पास हथियार हैं, वो हथियार पुलिस के पास जमा कर दें। कल से पुलिस कॉम्बिंग करेगी और कॉम्बिंग के दौरान जिन लोगों के पास हथियार मिलेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य में शांति बहाली के लिए राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का भी गठन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न नागरिक संगठनों के लोगों को भी शामिल किया जाएगा।

## फिर भड़की हिंसा

वहीं अमित शाह के दौरे के बीच ही राज्य में फिर हिंसा भड़क गई। दरअसल कुकी उग्रवादियों के साथ गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना बिशनुपुर जिले की है। घायलों को इंफाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर के अनुसार, पुलिस और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी बुधवार रात को तांगजेंग इलाके में खुंबी पुलिस स्टेशन में हुई। साथ ही इंफाल पूर्व के चानुंग इलाके में भी भारी गोलीबारी की खबर है। हालांकि वहां किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## हिंसा में अभी तक 80 लोगों की मौत

बता दें कि मणिपुर में करीब एक महीने पहले ट्राइबल सॉलिडेरिटी मार्च के दौरान हिंसा भड़की थी। दरअसल मैती समुदाय के लोग जनजातीय आरक्षण की मांग कर रहे हैं। इसी के खिलाफ मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में ट्राइबल मार्च के दौरान हिंसा भड़की। हिंसा में अभी तक 80 के करीब लोगों की मौत हो चुकी है। कई उग्रवादी संगठनों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ की खबरें सामने आई हैं। सेना और पुलिस द्वारा जगह जगह सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

# भाजपा की गलत नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे : सपा

» चुनावी तैयारी में जुटी पार्टी गुटबाजी पर कसेगी लगाम सामंजस्य बढ़ाने के निर्देश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा आने वाले समय में भाजपा की गलत नीतियों से जनता को वाकिफ कराने के लिए अभियान चलाएगी। ये फैसला पार्टी के शीर्ष स्तर पर लिया गया है। उधर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी समाजवादी पार्टी गुटबादी को लेकर सख्त हो गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को निर्देश दिया गया कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी एकजुट होकर बूथ कमेटियों का गठन करें।

पार्टी शीर्ष नेतृत्व के साथ जिलाध्यक्षों एवं महानगर अध्यक्षों की बैठक में भी सामंजस्य को लेकर कड़े निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी को आपसी समन्वय रखने, एक- दूसरे के प्रति शिष्टाचार अपनाने का निर्देश दिया जा चुका है। अब शीर्ष नेतृत्व ने सभी विधायकों एवं लोकसभा क्षेत्र प्रभारियों से कहा गया है कि वे अपने- अपने क्षेत्र में पूरी सक्रियता से जुट जाएं। किसी भी स्तर पर गुटबाजी नहीं दिखनी चाहिए। हर व्यक्ति को बूथ प्रबंधन में लगाया जाए और इसकी निरंतर निगरानी की जाए। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी हर माह बूथ कमेटियों की स्थिति की समीक्षा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का कहना है कि लोकसभा चुनाव अति महत्वपूर्ण है। पार्टी के हर नेता एवं कार्यकर्ता को इसमें जुटने का निर्देश दिया गया है।



## पुराने नेताओं को एक साथ लाएंगे

पार्टी की रणनीति है कि नए और पुराने नेताओं को एक मंच पर लाया जाए। इसके लिए फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे वरिष्ठ नेताओं से सलाह लेकर कार्य करें। बूथ कमेटी के गठन में उनका सहयोग लें। लंबे समय से पार्टी की सेवा में जुटे रहने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन में तवजजो दिया जाए, लेकिन दूसरे दल से आने वाले नेताओँ एवं कार्यकर्ताओ का भी पूरा सम्मान किया जाए। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित सभी वरिष्ट नेता हर जिले में जाएंगे। अभी प्रशिक्षण शिविर शुरू होने जा रहा है। इसमें भी सपा अध्यक्ष हिस्सा लेंगे। जिन जिलों में वह इस बार नहीं जा पाएंगे, वहां अगले चरण में वह पहुंचेंगे। उनकी अनुपस्थिति में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं को प्रशिक्षिण शिविर में भेजा जाएगा।

## स्वामी प्रसाद ने सरकार से लगाई सुरक्षा की गुहार

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य को सोशल मीडिया पर धमकी दी गई है। इसे मौर्य ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए सरकार से कार्रवाई की मांग की है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया है कि इंटरनेशनल भगवा रक्षक फोर्स जय श्रीराम नामक ट्विटर एकाउंट के जरिए 29 मई को उनके खिलाफ ट्वीट किया गया है। इसमें कहा गया है कि एक माह के अंदर तुझे निपटा देंगे। उन्होंने लिखा है कि ट्वीट करने वाले ने उनकी तस्वीर पर गले के सामने तलवार लटकाते हुए फोटो भी शेयर की है, जो सीधे हत्या करने के लिए इंगित करती है। उन्होंने प्रदेश सरकार, मुख्य सचिव और डीजीपी को टैग करते हुए मामले को गंभीरता से लेने और कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# राजनीतिक धर्मनिरपेक्षता के चलते मुसलमान बर्बाद हो रहे : ओवैसी

» बोले- राजस्थान के सीएम को समझाएं क्या है मोहब्बत की दुकान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए मुस्लिमों के बारे में बयान के बाद एआईएमआईएम (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस नेता को घेर लिया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक धर्मनिरपेक्षता के चलते मुसलमान बर्बाद हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने पूछा कि आखिर कब तक जुबानी जंग करते रहोगे?

गौरतलब है, राहुल गांधी ने बुधवार सुबह सैन फ्रांसिस्को में भारतीयों से बातचीत की। जहां उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा था, वहीं उन्होंने मुस्लिमों पर हो रहे हमले का जवाब दिया। उन्होंने कहा था कि आज जो मुस्लिमों के साथ हो रहा है वो दलितों के साथ 1980 में हो चुका है। राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि मैं कह सकता हूं कि 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान'। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा तरीका और कुछ नहीं है।

# नाबालिग की पहचान कैसे हुई जाहिर : महिला आयोग

» पहलवान-बृजभूषण विवाद : पुलिस को भेजा नोटिस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग ने नाबालिग पीड़िता पहलवान की पहचान उजागर करने के मामले में नाराजगी व्यक्त की है। आयोग ने इस मामले में दिल्ली पुलिस के नई दिल्ली जिला के उपायुक्त को समन जारी कर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा आयोग ने पुलिस उपायुक्त को कार्रवाई रिपोर्ट के साथ दो जून को बुलाया है।

वहीं दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों द्वारा दर्ज मुकद्दमे में फाइनल रिपोर्ट पर बयान जारी किया है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा है कि भारतीय कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक नाबालिग पहलवान की चाचा होने का दावा करते हुए पहचान उजागर की है। उसके बयान संबंधी एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पॉक्सो अधिनियम के तहत एक आपराधिक कृत्य है। इस संबंध में उन्होंने नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त को समन जारी कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। आयोग ने दिल्ली पुलिस को आरोपी बृजभूषण सिंह के किसी भी तरह से नाबालिग पीड़िता की पहचान उजागर करने से जुड़े होने के संबंध में की गई जांच रिपोर्ट भी देने को कहा है।

## गलत खबरें चल रही हैं : दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस ने कहा कि कई मीडिया चैनल्स पर एक स्टोरी चलाई जा रही है। दिल्ली पुलिस कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। इस मामले में फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी। हम यह साफ कर दें कि यह गलत खबर है और इस मामले की जांच चल रही है।

# भूमाफिया को बढ़ा रहे हैं शिवराज: सज्जन


» बोले-बिना आवेदन के ही कृषि भूमि को आवासीय बनाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

## आम लोगों की अगुवाई में कांग्रेस करेगी आंदोलन

उज्जैन। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उच्च मंत्री डॉ मोहन यादव ने यह संकल्प लिया है कि इनके राज में भूमाफिया इसी तरह फूलेंगे फलेंगे। यह आरोप पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने पत्रकारवार्ता के दौरान लगाए और कहा कि इस नए मास्टर प्लान में साल 2016 में लगाए गए सिंहस्थ क्षेत्र की कई भूमि ऐसी है, जहां पर सेटेलाइट टाउन का निर्माण किया गया था।

आने वाले सिंहस्थ 2028 के लिए तो होना यह चाहिए था कि इन सभी भूमियों के साथ ही सरकार कुछ ऐसी व्यवस्था करती, जिसे सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता। लेकिन नए मास्टर प्लान के दौरान क्षेत्र में रहने वाले



किसानों द्वारा कृषि भूमि को आवासीय घोषित करने के आवेदन दिए बिना ही इन्हें आवासीय बना दिया गया है, जिससे शासन को लगभग 500 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के साथ ही कांग्रेस की उज्जैन जिला प्रभारी शोभा ओझा ने भी इस मास्टर प्लान को तत्काल निरस्त करने की बात कहते हुए बताया कि यदि मास्टर प्लान को निरस्त नहीं किया जाता तो साधु-संतों और आम लोगों की अगुवाई में कांग्रेस जन आंदोलन करेगी यदि सरकार इससे समझती है तो ठीक वरना इसके लिए न्यायपालिका का भी सहारा लिया जाएगा।

## बिल्डरों को 1500 करोड़ का फायदा

स्वीकृत मास्टर प्लान 2035 मे शहर के बिल्डर, कॉलोनाइजरो की कृषि भूमि को ग्राम डेंडीया, ग्राम मेंडिया, ग्राम शक्करवासा, ग्राम नीमनवासा, ग्राम जीवनखेडी, लालपुर की सेकडो एकड जमीन को बिना किसी के आवेदन के ही कृषि से आवासीय कर दिया गया है। जबकि भूमि विकास अधिनियम 2012 की धारा-23 के तहत उपांतरण हेतु कृषि भूमि को निर्धारित शुल्क जमा कर आवासीय की जा सकती है। परन्तु बिना शुल्क लिए मास्टर प्लान में उक्त भूमियों को आवासीय कर दी गई, जिससे शासन को करोड़ो रुपये की राजस्व हानि हुई, जो कि लगभग 500 करोड़ रुपये है। वहीं, इससे क्षेत्र में जमीन खरीदने वाले भू-माफियाओं को लगभग 1500 करोड़ों का फायदा हुआ है। क्योंकि अब उन्हें कृषि भूमि को आवासीय बनाने के लिए कोई भी शुल्क सरकार को नहीं देना होगा।

# साक्षी के परिवार के साथ है सरकार : केजरीवाल

» एलजी को भेजी सहायता राशि की फाइल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने साक्षी के परिवार को सहायता राशि देने का ऐलान कर दिया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने खुद ट्वीट कर जानकारी देते हुए कहा कि हम साक्षी के परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देंगे। सहायता राशि की फाइल उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेज दी गई है। सीएम ने साथ ही ट्वीट में कहा है कि हम साक्षी के परिवार की हर तरह से मदद करेंगे।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की थी। वहीं उन्होंने पीड़िता के परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान कर दिया था। इसके साथ ही कहा था कि हम साक्षी को न्याय दिलाने के लिए कोर्ट में वकील पेश करेंगे। पीड़िता के परिवार को दिल्ली सरकार की ओर से वकील उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री आतिशी ने कहा था कि दिल्ली में महिलाएं घर से निकलने में असुरक्षित महसूस कर रही हैं। माता-पिता एक ही सवाल पूछ रहे हैं कि हम अपनी बेटियों को कॉलेज और ऑफिस कैसे भेजें।



## कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर सवाल खड़े किए। आप के कई नेताओं ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राजधानी में कानून व्यवस्था का हाल बुरा है। लोगों का दिल्ली पुलिस के ऊपर से विश्वास उठा चुका है। उपराज्यपाल कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम हो चुके हैं। उन्होंने उपराज्यपाल से थानों के औचक निरीक्षण के मामले में रिपोर्ट कार्ड जारी करने की मांग की।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पाटी की सरकार और उपराज्यपाल के बीच पहले से विवाद थम नही रहा है। अब 16 फरवरी 2023 को बनाई गई सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर हाई लेवल कमेटी का प्रमुख उपराज्यपाल को बनाए जाने को मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दिल्ली सरकार ने कहा कि केंद्र सरकार संविधान का उल्लंघन कर रही है। ये दिल्ली की गवर्नेंस की संवैधानिक योजना और सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का साफ उल्लंघन है। नई याचिका में प्रदूषित यमुना पर एनजीटी की ओर से बनाई गई हाई लेवल कमेटी के प्रमुख के तौर पर एलजी का नाम है। सरकार ने मंगलवार को वकील शादान फरासत के द्वारा नई याचिका दायर की है। जिसमें कहा है कि एनजीटी ने उपराज्यपाल को कमेटी का प्रमुख बनाया है। जो कि सही नहीं है।






# चुनाव पर तनाव : सियासी दल लगाने लगे दांव

## कांग्रेस ने बनाई मोदी सरकार को घेरने की रणनीति

- भाजपा ने भी जिला स्तर पर शुरू की तैयारी
- पटना में जुटेंगे 16 बड़े क्षेत्रीय दल
- अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी कसी कमर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**नई दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव की की उल्टी गिनती जल्द शुरू होने वाली है। जहां सत्ता पक्ष में बैठी भारतीय जनता पार्टी राज्यवार अपनी रणनीति  बनाने में जुट गई है वहीं विपक्षी दलों कुछ भी स्पष्ट नही हो पा रहाहै कभी लगता है पूरा विपक्ष कांग्रेस के साथ है तो कही कहीं से विरोध भी नजर आने लगता है। खैर बात कुल मिलाकर लोक सभा चुनाव में मोदी सरकार को किसी भी तरह से सत्ता से बाहर करना है और उसके लिए विपक्ष को नई रणनीति बनानी जरूरी है।**

इसी के मद्दे नजर पटना में 12 जून को प्रस्तावित बैठक की मेजबानी जदयू-राजद के पास है। अभी तक 16 बड़े क्षेत्रीय दलों ने पटना आने पर सहमति जताई है। ममता बनर्जी शरद पवार एवं अरविंद केजरीवाल जैसे नेता बैठक में आने के लिए तैयार हैं। भाजपा के विरुद्ध विपक्षी एकता के प्रयासों के तहत पटना में प्रस्तावित बैठक से पहले राजनीतिक घटनाक्रमों ने एकता के पैरोकार दलों की बेचैनी बढ़ा दी है। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी का बयान और राहुल गांधी की उपस्थिति में अध्यादेश के मुद्दे पर दिल्ली की बैठक में आम आदमी पार्टी के प्रति कांग्रेस के रुख को एकता प्रयासों में चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। इसी बीच यूपी में दो सीटों के लिए विधान परिषद चुनाव में बसपा के साथ कांग्रेस ने भी सपा से किनारा कर लिया। प्रश्न उठना स्वभाविक है कि आरंभ ऐसा है तो परिणाम कैसा होगा? यही कारण है कि क्षेत्रीय दलों की ओर से कांग्रेस पर लचीला रुख अपनाने का दबाव बनाया जा रहा है।

## राजस्थान पर पूरा फोकस

दरअसल, राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और अगले साल देश में लोकसभा का चुनाव होना है। हाल ही में बीजेपी को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में भाजपा का पूरा फोकस उन राज्यों पर है, जहां इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें एक राज्य राजस्थान भी है। यहां इस साल के अंत (दिसंबर) में चुनाव होना है।हालांकि, बीजेपी का पूरा फोकस करीब 45 विधानसभा सीटों पर हैं, जो अजमेर से बिल्कुल नजदीक हैं। पीएम मोदी की रैली के लिए आठ लोकसभा और 45 विधानसभा क्षेत्र के लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इन 45 विधानसभा सीटों में से भाजपा के पास 20 सीटें हैं। इसके अलावा 20 सीटें कांग्रेस के पास है और बाकी सीटें अन्य दलों के पास है।

## टीएमसी विपक्षी एकता नही चाहती : कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के विधायक टीएमसी में शामिल हो गए है। इसी को देखते हुए कांग्रेस ने आज ममता बनर्जी की अगुवाई वाली पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ऐसी हरकत विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए नहीं बल्कि बीजेपी के उद्देश्यों को पूरा करती है। बता दें कि सोमवार को राज्य विधानसभा में कांग्रेस के एकमात्र विधायक बायरन बिस्वास टीएमसी में शामिल हो गए। वह महासचिव अभिषेक बनर्जी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। 2024 के आम चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी एकता बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ऐतिहासिक जीत में कांग्रेस विधायक चुने जाने के तीन महीने बाद बायरन बिस्वास को पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने लुभा लिया है। यह सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के जनादेश के साथ पूर्ण विश्वासघात है। गोवा, मेघालय, त्रिपुरा और अन्य राज्यों में पहले हो चुकी इस तरह की खरीद-फरोख्त विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए नहीं की गई है और यह केवल बीजेपी के उद्देश्यों को पूरा करती है। मेदिनीपुर के घटाल में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने के समारोह में बायरन ने दावा किया कि कांग्रेस ने उनकी जीत में कोई भूमिका नहीं निभाई, और वह मेरी सद्भावनाके कारण जीते। स्थानीय बीड़ी कारोबारी बायरन ने इस साल के शुरू में हुए उपचुनाव में सागरदिघी सीट पर अपने टीएमसी प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की थी। ली मच गई थी। वह विधानसभा में कांग्रेस के एकमात्र प्रतिनिधि थे और उनके टीएमसी में शामिल होने का मतलब कांग्रेस विधायक दल का बड़े टीएमसी विधायक दल के साथ विलय है।




## नीतीश कुमार के प्रयासों का परिणाम दिखने लगा : त्यागी



पटना में 12 जून को प्रस्तावित बैठक की मेजबानी जदयू-राजद के पास है। अभी तक 16 बड़े क्षेत्रीय दलों ने पटना आने पर सहमति जताई है। विपक्षी एकता के इस प्रयास में प्रारंभिक व्यवधानों से सहमति जताते हुए जदयू के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी का कहना है कि पटना की बैठक इन्हीं सारे अंतर्द्वंदों को समाप्त करने के लिए बुलाई जा रही है। नीतीश कुमार के प्रयासों का परिणाम दिखने लगा है। 2014 और 2019 से अलग पहली बार कांग्रेस के साथ क्षेत्रीय दल भी एक बड़े मंच की जरूरत महसूस करने लगे हैं। ममता बनर्जी, शरद पवार एवं अरविंद केजरीवाल जैसे नेता बैठक में आने के लिए तैयार हैं। त्यागी ने कहा कि ममता के प्रस्ताव पर ही पटना में बैठक बुलाई जा रही है तो अधीर रंजन को ज्यादा अधीर होने की क्या जरूरत है? कांग्रेस को अधीर और अजय माकन जैसे अपने नेताओं पर लगाम लगाने की जरूरत है। क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस से कई मोर्चे पर टकराव कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से ज्यादा भाजपा की पराजय से विपक्ष में उत्साह है।

## अजमेर रैली के जरिए 24 के चुनावो पर नजर

**राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा फोकस राजस्थान की सत्ता में वापसी पर है। इसी के चलते मोदी आज राजस्थान से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करेंगे।भाजपा ने पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए अजमेर को चुना है। ऐसे में ये जानना जरूरी है कि आखिर बीजेपी ने पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए अजमेर को ही क्यों चुना और प्रधानमंत्री के यहां रैली करने से कितनी सीटों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा।बीजेपी ने केंद्र की सत्ता में 9 साल पूरे होने पर देश भर में एक महीने तक जनसंपर्क अभियान को शुरू करने का फैसला किया है। इसी के तहत ही पीएम मोदी आज इस अभियान की शुरुआत राजस्थान के अजमेर से करेंगे। भाजपा का दावा है कि पीएम मोदी की इस रैली में करीब दो लाख लोगों की भीड़ जुट सकती है।**

## तृणमूल ने कांग्रेस विधायक को कब्जे में किया: अधीर रंजन

**बंगाल कांग्रेस के प्रमुख अधीर रंजन चौधरी ने भी बिस्वास को उनके दलबदल के लिए जमकर लताड़ा। उन्होंने कहा कि अगर हम बायरन बिस्वास के साथ नहीं होते, तो आज वह विधायक नहीं होते।चौधरी ने कहा था कि टीएमसी सागरदिघी उपचुनाव हारने के बाद डर गई थी और उसने कांग्रेस विधायक को अपने कब्जे में करने के लिए हर दांव खेला। उन्होंने टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी और उनके भतीजे और पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी पर अन्य दलों के विधायकों को लुभाने का भी आरोप लगाया।**

## आगामी चुनाव में सीटों पर चर्चा

भाजपा के विरुद्ध प्रत्येक सीट पर विपक्ष का संयुक्त प्रत्याशी देने के लिए सबको सहमत करना। मगर हाल के राजनीतिक पैंतरों से स्पष्ट है कि दलों की दूरियों को कम करना आसान नहीं होगा। बंगाल में कांग्रेस की तृणमूल से दूरी कांग्रेस के एकमात्र विधायक को तृणमूल में शामिल करने से और बढ़ी है।इससे नाराज बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन ने तृणमूल पर भाजपा से मिलकर विपक्षी एकता के प्रयासों को कमजोर करने का आरोप मढ़ दिया। कई मसलों पर सहमति के बावजूद उत्तर प्रदेश में सपा एवं कांग्रेस के दिल अलग-अलग धड़क रहे हैं।इसी बीच आप सांसद संदीप पाठक का मध्य प्रदेश में दिया गया बयान भी अर्थपूर्ण है, जिसमें वह केजरीवाल को प्रधानमंत्री बनाने की बात करने के साथ पंजाब में कांग्रेस एवं दिल्ली में भाजपा को हराने का इतिहास छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में दोहराने की ताल ठोकते हैं। विधायक बायरन बिस्वास के टीएमसी में शामिल होने के एक दिन बाद कांग्रेस ने टीएमसी पर तीखा हमला किया।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के जनादेश के साथ पूर्ण विश्वासघात है।

## पायलट के गढ़ में सेंध लगाने में जुटी बीजेपी

ये भी माना जा रहा है कि पीएम मोदी के अजमेर से अभियान की शुरुआत करने से कांग्रेस को बड़ा नुकसान हो सकता है। बता दें कि कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट अजमेर से ही आते हैं। साल 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने पार्टी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसलिए पीएम मोदी की रैली के लिए अजमेर को चुनना एक बड़ी वजह माना जा रहा है।पिछले 8 महीने में पीएम मोदी का राजस्थान का यह छठा दौरा है। राजस्थान चुनाव में कोई कसर न छूटे इसके लिए बीजेपी  हर कमी को दूर करना चाहती है। साथ ही भाजपा का फोकस यहां के जातिगत वोटरों पर भी है। अजमेर के आसपास के क्षेत्र में जाट और मुस्लिमों की बड़ी संख्या है। राजस्थान की सियासत में मुस्लिम वोटर कांग्रेस के पक्ष में ही मतदान करते रहे हैं, जबकि कांग्रेस को जाट वोटरों का भी साथ मिलता है।बता दें कि पीएम मोदी अपने अजमेर दौरे के दौरान पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर का दर्शन करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी अजमेर की कायड़ विश्राम स्थली में एक सभा को संबोधित करेंगे। सभा के लिए एक विशाल पंडाल बनाया गया है। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भाजपा नेताओं को दी गई है, ताकि पीएम मोदी की सभा को भव्य और आलीशान बनाया जा सके।



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# और मजबूत होंगे नेपाल-भारत संबंध

> सबसे ज्यादा चीन भारत के लिए नुकसान देह है क्योंकि वह नेपाल को मदद कर भारत पर नजर रखना चाहता है। जब नेपाली पीएम व भारतीय पीएम में चर्चा होतो दोनों देशों को इस मुद्दे पर चर्चा जरूर करनी चाहिए क्योंकि ये दोनों देशों के लिए जरूरी है। प्रचंड वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने को लेकर चर्चा करेंगे।

*नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड भारत की यात्रा पर है। ये उनकी दूसरी यात्रा है। नेपाल भारत का सबसे करीब व महत्वपूर्ण देश है। दोनों के देशों के बीच संबंध अच्छे हैं। पर कभी-कभी कुछ मुद्दों पर विरोध भी हो जाता है पर बातचीत से बात बन जाती है। सबसे ज्यादा चीन भारत के लिए नुकसानदेह है क्योंकि वह नेपाल को मदद कर भारत पर नजर रखना चाहता है। जब नेपाली पीएम व भारतीय पीएम में चर्चा होतो दोनों देशों को इस मुद्दे पर चर्चा जरूर करनी चाहिए क्योंकि ये दोनों देशों के लिए जरूरी है। प्रचंड वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने को लेकर चर्चा करेंगे। दिसंबर 2022 में कार्यभार संभालने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है।*

*नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे है। हवाईअड्डे पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने उनका स्वागत किया। वह चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को भारत पहुंचे हैं। पुष्प कमल दहल प्रचंड भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने को लेकर चर्चा भी करेंगे। दिसंबर 2022 में कार्यभार संभालने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है। जानकारी के मुताबिक पुष्प कमल दहल अपनी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट करेंगे। मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। वार्ता के बाद दोनों प्रधानमंत्रियों की एक संयुक्त प्रेस वार्ता होगी। बयान में कहा गया है कि कि मोदी नेपाल के अपने समकक्ष और उनके प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में दोपहर के भोजन की मेजबानी करेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की यह चौथी भारत यात्रा है। यह यात्रा नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने, बहुमुखी और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत करेगी। पुष्प कमल दहल प्रचंड दो जून को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनकी अगवानी करेंगे। प्रचंड इंदौर में दो जून को पूर्वाह्न पहुँचने के बाद उज्जैन जाएंगे जहाँ भगवान श्री महाकाल मंदिर जाकर दर्शन करेंगे। इसी दिन प्रचंड इंदौर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र के कार्यों का जायजा लेंगे। चौहान नेपाल के प्रधानमंत्री के सम्मान में दो जून को इंदौर में रात्रि भोज भी देंगे। उन्होंने कहा कि प्रचंड तीन जून को इंदौर में टीसीएस एवं इन्फोसिस विशेष आर्थिक क्षेत्र का दौरा करेंगे और इसी दिन अपराह्न में वह नयी दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# जी 20 की मेजबानी से उपजी चुनौतियां

जी. पार्थसारथी

भारत में इस बात को लेकर संशय और सवाल उठने लाजिमी थे कि यदि भारत सरकार जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन करवाती है तो इस पर दुनिया की महत्वपूर्ण ताकतों की प्रतिक्रिया कैसी रहेगी। जाहिर था पाकिस्तान किसी भी देश की शिरकत पर तीखा एतराज उठाएगा और कुछ भी करके इस आयोजन में खलल डालना चाहेगा। भारत ने सावधानीपूर्वक और जान-बूझकर श्रीनगर में पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधी विषय पर जी-20 के सदस्यों की बैठक रखी। आमतौर पर श्रीनगर को पर्यटकों का पसंदीदा स्थल कहा जाता है। अपने युवा विदेश मंत्री की अगुवाई में पाकिस्तान ने सभी देशों को श्रीनगर वाली बैठक में भाग लेने से गुरेज करवाने पर सारा जोर लगा दिया। जैसा कि पूर्वानुमान था, चीन ने श्रीनगर सत्र में भाग लेने से मना कर दिया और चार अन्य इस्लामिक यानी सऊदी अरब, मिस्र, इंडोनेशिया और तुर्की ने भी यही किया। हालांकि इंडोनेशिया और सऊदी अरब का प्रतिनिधित्व नई दिल्ली में नियुक्त उनके राजदूतों की उपस्थिति से रहा। तुर्की चूंकि दशकों से पाकिस्तान का तगड़ा समर्थक है, सो उसने भारत से कम दोस्ती निभाने का फैसला लिया।

कुछ हफ्ते पहले, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक स्लीवन ने सऊदी अरब में वहां के युवराज मोहम्मद बिन सलमान और यूएई के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख तहनून बिन ज़ायद से भेंटवार्ता की है। तेल संपन्न सऊदी अरब के साथ संबंध अच्छे बनाए रखने में अमेरिका का हित जुड़ा है, लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडेन के एक कम सावधान और लचर बयान से रिश्तों पर विपरीत असर पड़ा है। हालांकि सऊदी अरब और ईरान के बीच संबंध सामान्य बनवाने में चीनी मध्यस्थता से अमेरिका हिल उठा है। जो अधिक हैरानकुन है, वह यह कि लगता है अमेरिका को ईरान के प्रति दुश्मनी जारी रखने में ज्यादा आनंद आता है। पिछले चार दशकों से अमेरिका के निरंतर विरोधी रवैये के बावजूद ईरान फला-फूला है। फारस का खाड़ी क्षेत्र, जहां लाखों भारतीय कामगार रहते हैं, वहां के तेल संपन्न राष्ट्रों के साथ चीन के प्रभाव का उद्भव होना वह घटनाक्रम है जिसको लेकर भारत शायद ही आशावादी हो।

भारत के पश्चिमी पड़ोस में दो सबसे मुख्य मुल्क यानी यूएई और सऊदी अरब के साथ भारत-अमेरिका संयुक्त वार्तालाप से उम्मीद है इस क्षेत्र में सुरक्षा, स्थायित्व और आपसी सहयोग बढ़ेगा। इस वार्ता में बनी



आपसी समझ को सावधानीपूर्वक विस्तार देकर यू2आई2 समूह (जिसमें भारत, अमेरिका, इस्राइल, और यूएई हैं) के साथ एकीकृत किया जाएगा। वह क्षेत्र जहां लगभग 81 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं, अकेले यूएई में ही लगभग 34 लाख भारतीय है, वहां की सुरक्षा, स्थायित्व और शांति बने रहना, जाहिर है भारत के लिए काफी महत्व रखती है। इस तमाम घटनाक्रम के बीच, भारत को थलीय और जलीय सीमाओं पर जो मुख्य सुरक्षा चुनौतियां दरपेश हैं, वह चीन की शी जिनपिंग सरकार के निरंतर दुश्मनी व भारत विरोधी कृत्यों से पैदा हुई है। चीनी करतूतों से भारत के सामने बने खतरों को पश्चिमी कमान के पूर्व कमांडर जनरल पनाग ने कुशलतापूर्वक शब्दों में समेटा है। लद्दाख में महीनों तक चली तनातनी और मुठभेड़, जो कि वर्ष 2020 में शुरू हुई थी, जनरल पनाग इसको वर्ष 1959 में घोषित एकतरफा चीनी सीमारेखीय दावों की ओर लौटने की जिद से जोड़ते हैं। लेकिन भारत की कड़ी टक्कर से चीन को अपने इरादों में पर्याप्त सफलता नहीं मिल पाई। चीन के साथ सीमा तनावों में पिछले तीन सालों में इजाफा हुआ है। 2020 का चीनी हमला, जो जाहिर है सुनियोजित था, उत्तरी लद्दाख के कुछ इलाकों को उसने दबा लिया है। भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में अतिरिक्त बलों की नियुक्ति करते हुए सामरिक महत्व की कैलाश पर्वतमाला की पहाड़ियों पर सुदृढ़ नियंत्रण बना लिया। साफ है चीन को इस तरह के कदम की आस नहीं थी। इसके बाद से, वरिष्ठ क्षेत्रीय सैन्य कमांडरों के बीच बैठकें तो होती रहीं किंतु यथा-स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इलाका कब्जाने की चीनी कोशिशें निरंतर जारी हैं।

भारत-चीन सीमाओं पर तनाव आगे भी बने रहने के कयास हैं। चीन का निशाना एकदम साफ है कि वह लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय फौज को दुरूह और अत्यंत ठंडे इलाके में फंसाए रखना चाहता है। चीजें तभी बदलेंगी जब चीन को अहसास हो कि उसकी 'सलामी कटिंगज् नीति (छोटे-छोटे हिस्सों में भारतीय इलाका हड़पना) से भारत के रूस, अमेरिका और जापान से बढ़ते रिश्तों पर बदलाव नहीं आने वाला न ही इससे हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र को लेकर, भारत का क्वाड और यू2आई2 जैसे समूहों के साथ आर्थिक एवं रक्षा गठबंधन बनाने के दृढ़-निश्चय पर कोई असर होने वाला है।

# शरबतों के राजा को कोई सरहद न रोके

अमिताभ स.



**हर शीतल पेय पीने का शौकीन बीते 115 सालों से रूहअफजा शरबत की तासीर को दाद देते नहीं थकता। जो मजा पारम्परिक अंदाज के रूहअफजा के शरबत में है, वह किसी अन्य शीतल पेय में नहीं है। इसकी तासीर ऐसी है कि लू से राहत के साथ दिल, गुर्दे और जिगर के लिए भी फ़ायदेमंद है। सात्विक है। शरबतों के राजा रूहअफजा की निर्माता कंपनी हमदर्द की शुरुआत 1906 में हकीम हाफिज अब्दुल मजीद के हाथों हुई थी। पहली दुकान पुरानी दिल्ली के दिल चांदनी चौक से सटे लाल कुआं बाजार में शुरू की गई।**

शरबतों का राजा रूहअफज़ा देश के बंटवारे के बाद भारत और पाकिस्तान दो देशों में बनने लगा। फिर 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद वहां भी पैर पसार लिए। इस प्रकार 115 साल पहले पुरानी दिल्ली से शुरू हुआ लाल बादशाह आज तीन देशों में छाया है। ख़ासतौर से निर्जला एकादशी और गुरु अर्जुनदेव के शहीदी दिवस पर रूहअफज़ा के ठंडे पानी और कच्ची लस्सी के बगैर छबीलें अधूरी ही समझी जाती हैं। हर शीतल पेय पीने का शौक़ीन बीते 115 सालों से रूहअफजा शरबत की तासीर को दाद देते नहीं थकता। जो मजा पारम्परिक अंदाज के रूहअफजा के शरबत में है, वह किसी अन्य शीतल पेय में नहीं है। इसकी तासीर ऐसी है कि लू से राहत के साथ दिल, गुर्दे और जिगर के लिए भी फ़ायदेमंद है। सात्विक है।

शरबतों के राजा रूहअफजा की निर्माता कंपनी हमदर्द की शुरुआत 1906 में हकीम हाफिज अब्दुल मजीद के हाथों हुई थी। पहली दुकान पुरानी दिल्ली के दिल चांदनी चौक से सटे लाल कुआं बाजार में शुरू की गई। यहीं 1907 में हकीम साहब ने यूनानी तौर-तरीके से चिकित्सीय खूबियों से लबालब रुहअफजा शरबत क्या बनाया, धूम ही मच गई। पोलीमेयर की बोतलों में आने से पहले अर्से तक कांच की बोतलों में बंद किया जाता रहा। उन पर चिपका कागजी लेबल भी खास है। इतना खास कि शुरू से आज तक लोगो और लेबल का रंग-ढंग नहीं बदला। नायाब जो है, उसे बनाया था दिल्ली के मशहूर चित्रकार मिर्जा नूर अहमद ने। तब लेबल चिकने कागज पर बॉम्बे (अब मुम्बई) से छपवाया जाता था। रूहअफजा फल-सब्जियों और जड़ी-बूटियों समेत 12 हर्बल इंग्रेडिएंट्स को मिलाकर यूं बनाया गया है कि जिस-जिस ने स्वाद चखा, वही दीवाना होता गया। दिलचस्प बात है कि बोतलों में पैक होकर मिलने से पहले रूहअफजा सालोंसाल तोल कर खुला मिलता रहा। लाल कुआं के दवाखाना में बड़े-बड़े ड्रमों में रखते थे, और खरीदार अपने घर से डोल, या कोई अन्य बर्तन ले कर आते थे। मनमज़ी मुताबिक़ पाव, आधा किलो या किलो तुलवा कर ले जाते थे। साल 1947 तक पुरानी दिल्ली के नागौरी हलवा और निहारी की माफिक इसका भी जादू चल निकला था। बीती सदी के पचास के दशक में पौने एक लीटर की बोतल सवा रुपये में मिलती थी, आज डेढ़ सौ रुपये से ऊपर है।

रूहअफजा को कहीं-कहीं 'लाल बादशाह' भी कहा जाता है। बताते हैं कि रूहअफजा नाम पंडित दया शंकर नसीम लखनवी लिखित किताब 'मनसवी गुलजार-ए-नसीम' से लिया गया था। यह किताब में एक चरित्र का नाम था। यह फ़ारसी शब्द है, मतलब है- आत्मा को तृप्त करने वाला। शुरू-शुरू में, इसके इश्तिहारों में दिल्ली के नामी शायर सैल देहलवी (1864-1945) की उर्दू में शे'रो-शायरी छाई रहती थी।

शरबतों के राजा के जनक हकीम अब्दुल मजीद का जन्म 1883 में पीलीभीत में हुआ था। उन्होंने मसीहा-ए-हिंद और दिल्ली के कद्दावर यूनानी हकीम अजमल खां की शागिर्दी की। फिर यूनानी दवाओं की मालूमात करने के बाद तुखम-ए-खुरफा, कासनी, मुनक्का, निलोफर, हरा धनिया, खस, संदल, केवड़ा वगैरह के साथ संतरा, गाजर, अन्नानास, तरबूज समेत 5 ताज़ा फलों को मिला कर शरबत बनाया। खास बात है कि इसे आज तक नकल करने की तमाम कोशिशें नाकाम रहीं। कुछ साल पहले तक केवल कांच की पारम्परिक बोतलों में मिलता रहा, दसेक साल से पैट बोतलों में आने लगा। और हालिया सालों में 10-10 रुपये के सहूलियत भरे सैशे पैक में भी उतर आया है। अब तो शुगर फ्री रूहअफजा लाइट भी बाज़ार में है। हाल में रेडी टु ड्रिंक रूहअफजा मिल्क शेक भी पेश किया गया है। गर्मियों में लगती छबीलों में दूधिया रूहअफजा का चलन दशकों से जारी है। रमज़ान के दिनों में तो इससे मुस्लिम बिरादरी का बड़ा जुड़ाव है।

यही शरबत पीकर रोज़े खोले जाते हैं। आज भी पुरानी दिल्ली के लाल कुआं में हमदर्द दवाखाना है, जहां पहले-पहल रूहअफजा बना था। खपत बढ़ी, तो रूहअफजा का उत्पादन ग़ाज़ियाबाद स्थित फ़ैक्टरी से होने लगा। बंटवारे के वक्त हमदर्द लैबोरेटरीज का एक भाई कराची जाकर बस गया। उसने वहां भी रूहअफजा बनाना शुरू किया और खूब वाहवाही बटोरी। 1971 में ईस्ट पाकिस्तान अलग देश बांग्लादेश बना, तो वहां भी रूहअफजा बनने लगा। इस प्रकार पुरानी दिल्ली से शुरू शरबतों का राजा दशकों से तीन देशों में बन रहा है। कंपनी के भारतीय सर्वेसर्वा हकीम अब्दुल हमीद का 1999 में देहांत हो गया। उन्होंने ही जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी। सामाजिक सरोकारों के लिए उन्हें 1965 में पद्मश्री और 1991 में पद्मभूषण से नवाज़ा गया। वह बताते थे, '1947 में मेरे दादा जी हकीम हाफिज अब्दुल मजीद और उनके दोनों बेटे हिंदुस्तान में ही रह गए। दादा जी के छोटे भाई हकीम मुहम्मद सैयद पाकिस्तान चले गए। मेरे दादा जी यहीं रह गए क्योंकि वह कहते थे कि मैं अपनी मातृभूमि को छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा।'




## अच्छी नींद

शरीर की ग्रोथ और सेहत के लिए अच्छी और अबाधित नींद जरूरी है। नींद पूरी न होने से भी शारीरिक विकास रुकता है। सोते समय शरीर ह्यूमन ग्रोथ हार्मोन रिलीज करता है लेकिन जब आप पर्याप्त मात्रा में नींद नहीं लेते तो हार्मोन रिलीज नहीं हो पाते। जिससे बच्चों की ग्रोथ रुक जाती है। समुचित विकास के के लिए 8 घंटे की नींद लेना जरूरी है।

## पोषण

शरीर के विकास के लिए सबसे जरूरी चीज हेल्दी डाइट है। अच्छा पौष्टिक नाश्ता या भोजन शारीरिक विकास में मदद करता है। एक बैलेंस डाइट प्लान बनाएं, जिसमें विटामिन और खनिजों की मात्रा अधिक हो। दूध, फल, ताजी हरी सब्जियां, मीट और कार्ब्स से भरपूर खाद्य सामग्रियों को आहार में शामिल करें। इस तरह का भोजन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के साथ ही शरीर की ग्रोथ में सहायक भी होता है।



# 16 साल की उम्र के बाद ऐसे बढ़ाएं हाइट

बच्चों की लंबाई को लेकर अक्सर माता पिता चिंतित रहते हैं। कुछ बच्चों का कद बहुत जल्दी बढ़ जाता है, तो कई बच्चे अपनी आयु के मुताबिक छोटे कद के दिखते हैं। बच्चे कद कम होने के कारण अपने दोस्तों से छोटे दिखने लगते हैं। हाइट कम होने से बच्चे के आत्मविश्वास में भी कमी आती है। लंबाई बढ़ाने को लेकर कई कारक जिम्मेदार होते हैं। कद बढ़ाने में 60 से 80 फीसदी जीन कारक होता है, जिसे लोग नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। हालांकि कई अन्य कारकों के जरिए बच्चे की हाइट को बढ़ाया जा सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, 18 वर्ष की आयु तक बच्चे की हाइट चार प्रतिशत की दर से बढ़ती है। इस उम्र के बाद लंबाई धीरे धीरे बढ़ती है या फिर कद बढ़ना बंद होने लगता है। 15 वर्ष की आयु में आते आते कई बच्चों की लंबाई धीरे या कम गति से बढ़ने के कारण अभिभावक और बच्चा दोनों ही परेशान होने लगते हैं। हाइट बढ़ाने के लिए अभिभावक कई उपाय आजमाते हैं। अच्छी डाइट, दवाओं से लेकर आयुर्वेद के उपाय अपनाते हैं।

## व्यायाम

अक्सर हाइट बढ़ाने के लिए अभिभावकों को लटकने वाले व्यायाम कराते हैं। यह प्राकृतिक तरीका भी कद बढ़ाने के लिए असरदार है। 14-15 साल की उम्र से बच्चों को नियमित लटकने वाले व्यायाम कराएं। इस तरह की एक्सरसाइज पीठ की मसल्स को ताकत देते हैं, और रीढ़ की हड्डी के कम्प्रेशन में कमी आती है। लंबाई बढ़ाने के लिए बच्चे साइकिलिंग करें, रस्सी कूदें और टो टचिंग यानी हाथों से पैरों की उंगलियों को छूने वाली एक्सरसाइज करें।



## योगाभ्यास


लंबाई बढ़ाने के लिए योगासनों का नियमित अभ्यास लाभकारी है। योगाभ्यास शरीर में रक्त परिसंचरण को सुचारू तौर पर करता है। इससे शरीर स्वस्थ और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। हड्डियों में खिंचाव आता है। लंबाई बढ़ाने के लिए बच्चे को नियमित ताड़ासन, वीरभद्रासन, भुजंगासन आदि योगासनों का अभ्यास करना चाहिए।

## पोस्चर या मुद्रा

अच्छे कद के लिए शरीर का सही पोस्चर होना चाहिए। चलने फिरने, बैठने और सोने का गलत तरीका लंबाई बढ़ने से रोक सकता है। बैठने और खड़े होने का तरीका लंबाई को प्रभावित करता है। हमेशा सीधे बैठना चाहिए और सीधी मुद्रा में खड़े होना चाहिए। सोते समय भी आपका पोस्चर सही होना चाहिए। सिर और गर्दन को झुका कर नहीं चलना या बैठना चाहिए। सही पोस्चर कद को 6 इंच तक लंबा करने में मदद करता है।



## हंसना मना है



पत्नी सब्जी लेने में इतना मोलभाव कर रही थी कि पति परेशान हो गया, पति: मेहरबानी करके जल्दी खरीदो। ऑफिस के लिए लेट हो रहा हूं, पत्नी: तुम बीच में मत बोलो, जल्दी-जल्दी के कारण ही तुम जैसा पति मिला है मुझे। अब सब्जी के मामले में जल्दी नहीं करूंगी...

पत्नी दर्द से कराहते हुए- सुनो... मेरे सीने में बहुत तेज दर्द हो रहा है, शायद हार्ट अटैक आया है, जल्दी से एंबुलेंस बुलवाओ ना... पती (जल्दी-जल्दी में)- ठीक है फोन करता हूं। जरा, अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ... पत्नी- चलो रहने दो, अभी रुक जाओ पहले से ठीक लग रहा।

ससुर: अरे दामाद जी क्या हाल हैं आपके? दामाद जी: बस आपकी ही माया है, ससुर: अरे दामाद जी, तूफान की क्या खबर है? दामाद: कूलर के आगे सो रही है, कहिए तो बात करा दूं।

डॉक्टर- जब तुम तनाव में होते हो क्या करते हो? मरीज- जी, मंदिर चला जाता हूं... डॉक्टर- बहुत बढ़िया, ध्यान-व्यान लगाते हो वहां? मरीज- जी नहीं, लोगों के जूते चप्पल मिक्स कर देता हूं, फिर उन लोगों को देखता रहता हूं... मरीज की बात सुनकर डॉक्टर हैरान रह गया...

## कहानी | लालची लकड़हारा

सोहनपुर गांव में रामलाल नाम का एक लकड़हारा रहता था। वो अपनी जीविका के लिए जंगल से रोज लकड़ियां चुनता और उन्हें बेचकर कुछ पैसे कमा लेता था। इसी तरह उसका गुजारा चल रहा था। कुछ दिनों के बाद रामलाल की शादी हो गई। उसकी पत्नी बड़ी खर्चीली थी। इसलिए, अब उतनी लकड़ियों को बेचकर घर चलाना मुश्किल हो गया था। रामलाल अपनी पत्नी से बहुत प्यार करता था, इसलिए उसकी नाराजगी वो बर्दाश्त नहीं कर पाता था। रामलाल ने ठान लिया कि वो अब ज़्यादा लकड़ियां इकट्ठा करके बेचेगा, ताकि उसकी पत्नी को रोज-रोज पैसों की कमी न हो। पत्नी की इच्छा पूरी करने के लिए आज रामलाल घने जंगल तक चला गया और बहुत सारी लकड़ियां चुनकर बाज़ार में बेच दीं। रामलाल ने सारे पैसे अपनी पत्नी को दे दिए। देखते-ही-देखते उसके मन में लालच इतना बढ़ गया कि उसने धीरे-धीरे पेड़ काटना भी शुरू कर दिया। पेड़ काटने से और ज़्यादा लकड़ियां हो जाती थीं और उसे अधिक दाम मिलने लगे। धीरे-धीरे रामलाल ने पैसों को जुए में लगाना शुरू कर दिया। जुआ खेलने की लत ऐसी लगी कि रामलाल एक मोटी रकम इसमें हार गया। अब इस रकम को चुकाने के लिए रामलाल ने एक-दो मोटे-मोटे पेड़ काटने का फैसला लिया। जैसे ही रामलाल ने जंगल में जाकर अपनी कुल्हाड़ी को एक बड़े से पेड़ पर चलाने की कोशिश की, तो उसपर पेड़ की टहनी ने हमला कर दिया। रामलाल चौंक गया। फिर उसे पेड़ की एक टहनी ने लपेट लिया। रामलाल कुछ समझ नहीं पाया कि यह सब क्या हो रहा है। तभी पेड़ से आवाज आई। मूर्ख, तू अपने लालच के चक्कर में मुझे काट रहा है। तू सारे पैसे जुए में लुटा देता है और फिर पैसे लौटाने के लिए पेड़ काटने आ जाता है। तुझे पता है कि पेड़ कितने कीमती होते हैं। हमारे अंदर भी जान बसती है और हम तुम इंसानों को जीने के लिए हवा, धूप में छाया, और भूख को शांत करने के लिए फल देते हैं। लेकिन, तू अपने स्वार्थ के लिए हमें ही काट रहा है। पेड़ ने कहा, आज तू रूक, यही कुल्हाड़ी मैं अब तेरे ऊपर चलाऊंगी। पेड़ की टहनी कुल्हाड़ी से रामलाल पर वार करने ही वाली थी कि वह गिड़गिड़ाने लगा। उसने माफी मांगते हुए कहा, मुझसे गलती हुई है, लेकिन मुझे सुधरने का एक मौका दो। अगर आप मुझे मार दोगे, तो मेरी पत्नी का क्या होगा? वो अकेली पड़ जाएगी। आज से मैं किसी पेड़ को नहीं काटूंगा, यह प्रण लेता हूं। यह सब सुनकर पेड़ को रामलाल के ऊपर दया आ गई। उसने रामलाल को छोड़ दिया। छूटते ही रामलाल भागकर अपने घर गया और पैसों के लालच में न आने का संकल्प ले लिया।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** — घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ** — शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**मिथुन** — अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा।

**कर्क** — धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें।

**सिंह** — कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कन्या** — पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे।

**तुला** — पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे।

**वृश्चिक** — कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**धनु** — जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

**कुम्भ** — जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**मीन** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

# ओटीटी के बाद अब सिनेमाघरों में भी रिलीज होगी बंदा!



मनोज बाजपेयी हिंदी सिनेमा में अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। अपनी अदाकारी से वह कंटेंट में जान डाल देते हैं। अभिनेता को अलग टैलेंट का खजाना कहा जाए तो वह गलत नहीं होगा। हाल ही में उनकी फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है रिलीज हुई है। इस फिल्म को ओटीटी पर बहुत प्यार मिल रहा है। दर्शकों को इस फिल्म की कहानी बहुत पसंद आ रही है और लोगों का कहना है कि इसे सिनेमाघरों में रिलीज होना चाहिए था। यही वजह है कि अब मेकर्स इस फिल्म को थिएटर्स में रिलीज करने के लिए सोच रहे हैं। सिर्फ एक बंदा काफी है में मनोज बाजपेयी ने वकील पीसी सोलंकी की भूमिका निभाई है जो कि एक लड़की के साथ हुए यौन शोषण को लेकर धर्मगुरु के खिलाफ केस लड़ता है, जीतता है और पीड़िता को न्याय दिलाता है। इस फिल्म में एक आम आदमी की जंग को बेहद ही दिलचस्प तरीके से दिखाने की कोशिश की गई है। इस फिल्म में मनोज बायपेयी ने वकील के रूप में सभी को खूब एंटरटेन किया है। ओटीटी पर फिल्म की सफलता और फैंस की डिमांड को देखते हुए मेकर्स ने इस फिल्म को थिएटर में रिलीज करने का फैसला किया है। लेकिन अभी मेकर्स इसकी तैयारी में हैं कि कैसे फिल्म को थिएटर में रिलीज किया जाए। एक इंटरव्यू के दौरान मनोज बाजपेयी ने भी खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि यह शायद पहली ऐसी फिल्म होगी जो फैंस की डिमांड पर ओटीटी के बाद थिएटर में रिलीज हो। मनोज बाजपेयी ने आगे कहा कि शुरुआत में तो सिर्फ मैं इस बात के लिए शारिक, जी




स्टूडियो, विनोद भानुशाली और पूरी टीम के साथ लड़ रहा था, लेकिन अब हम सभी इस बात पर बहस कर रहे हैं कि यह फिल्म थिएटर्स में रिलीज होनी चाहिए। अब दर्शकों की भारी मांग पर जी स्टूडियो और विनोद एक-साथ इस बात पर विचार कर रहे हैं कि इसे सिनेमाघरों में कैसे रिलीज किया जाए। मनोज बाजपेयी ने आगे कहा कि कम से कम दर्शकों की मांग का सम्मान रखने के लिए तो ऐसा करना ही चाहिए।

## बॉलीवुड | मन की बात

# 32000 लड़कियों के धर्म परिवर्तन के दावे का विपुल ने किया बचाव, कहा- बात अभी खत्म नहीं हुई है



विपुल शर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म द केरल स्टोरी इस साल की सफल फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो चुकी है। रिलीज से पहले फिल्म की कहानी और तथ्यों को लेकर खूब हंगामा मचा था। यहां तक कि मामला कोर्ट में भी पहुंच गया था। द केरल स्टोरी को लेकर दावा किया गया कि फिल्म में 32 हजार महिलाओं के धर्म परिवर्तन और आईएसआईएस में उन्हें जबरन शामिल कराने की सच्ची कहानी दिखाई गई है। फिल्म के इसी दावे पर भयंकर बवाल मचा था। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट के कहने पर मेकर्स को इसे फिल्म से हटाना पड़ा और एक डिस्क्लेमर भी जोड़ना पड़ा। वहीं, अब विपुल शाह ने द केरल स्टोरी के दावा का एक बार फिर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भले उन्होंने फिल्म से 32 हजार महिलाओं के धर्म परिवर्तन वाली बात हटा दी हो, लेकिन बात अभी खत्म नहीं हुई है। विपुल शाह ने डीएनए के साथ बातचीत में आंकड़ों के गलत होने के सवाल पर जवाब देते हुए कहा, ये मामला अभी तक खत्म नहीं हुआ है। कोर्ट में सुनवाई सिर्फ बैन को लेकर हुई थी। उस सुनवाई में इस 32,000 नंबर को लेकर बहस हुई और कोर्ट ने बाद में इस मामले की सुनवाई करने का फैसला किया। इसकी सुनवाई 18 जुलाई को होने वाली है। उन्होंने आगे बताते हुए कहा, कोर्ट विवाद को खत्म करना चाहता था। इसलिए, उन्होंने हमसे फिल्म में डिस्क्लेमर जोड़ने के लिए कहा। अदालत ने जो भी कहा है हमने हमेशा उसका पालन किया है और उनकी बात मानी है। कोई परेशानी की बात नहीं है, लेकिन यह विषय पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। हम इसे फिर से उठाएंगे, चिंता न करें!

# इंडस्ट्री का हिस्सा बनना मुश्किल: मंदाना

## बॉलीवुड | मसाला



प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री के कच्चे चिट्ठे का खुलासा किया था। वहीं अब मंदाना करीमी ने बॉलीवुड के राज खोले हैं। रियलिटी शो बिग बॉस की पूर्व प्रतिभागी और क्या कूल हैं हम 3 में सहायक भूमिका निभाने के लिए जानी जाने वाली ईरानी अभिनेत्री मंदाना करीमी ने कहा कि उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया है, क्योंकि यह उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए अस्वस्थ था। हाल ही में दिए इंटरव्यू में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने कड़वे अनुभवों को साझा किया। अभिनेत्री ने कहा कि मुझे प्रसिद्धि की परवाह नहीं है। मुझे उस पैसे की परवाह नहीं है, जो मैं कमाती थी, जब मैं छोटी थी, तब मैं करती थी, लेकिन अब नहीं। अपने करियर के नाजुक पल की बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने एक निर्देशक पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने का फैसला किया। अन्य महिलाओं ने भी फिल्म निर्माता के साथ ऐसा ही अनुभव किया था। मंदाना ने कहा कि मीटू आंदोलन ने मेरे लिए अच्छा करने के बजाय मेरे लिए बहुत नुकसान किया। मंदाना ने कहा कि वह बार बार यह सुनकर थक चुकी थीं कि इंडस्ट्री में उनका काम करना मुश्किल है, सिर्फ इसलिए कि वह हर उस बात से सहमत नहीं थीं, जो उन्हें करने के लिए कहा गया था। अक्सर लोग उसे कहते थे कि वह भारतीय संस्कृति को नहीं समझती, जिससे वह और भी नाराज हो गई। उन्होंने कहा कि यह एक उद्योग है कि अगर मेरे पास अभी एक बच्चा है तो मुझे चिंता होगी कि मेरी बेटी बॉलीवुड का हिस्सा बनना चाहती है। भारत में उद्योग बहुत अलग है। यह इस बात पर चलता है कि आप किसे जानते हैं, आपके पिता कौन हैं, आपका परिवार कौन है। हां, बाद में यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितने अच्छे हैं और आप कितने प्रतिभाशाली हैं, लेकिन यह बहुत प्रतिस्पर्धी है। मंदाना ने कहा कि वह खुद को प्रतिस्पर्धी मानती हैं, लेकिन कुछ स्थितियां बेकार हो सकती हैं।

# दुनिया का सबसे गरीब देश, हर तीन में एक व्यक्ति है बेरोजगार!



भारत में जब आम गरीबों को सड़क पर भीख मांगते, या ट्रेनों के बगल में झुग्गी-झोपड़ियां बनाए हुए देखते होंगे तो आपकी उनकी स्थिति पर दया आती होगी। पर इसके बावजूद भारत खुद को आर्थित तौर पर सशक्त बनाने की राह पर है और हमारा देश कई मजबूत अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर कर रहा है। मगर सोचिए कि जो देश दुनिया का सबसे गरीब देश होगा, उसकी क्या हालत होगी! आज हम आपको दुनिया के सबसे गरीब देश से जुड़ी ऐसी बातें बताने जा रहे हैं जो आपको चौंका देंगी।

अफ्रीका का छोटा सा देश बुरुंडी दुनिया का सबसे गरीब देश है। यूटयूब चैनल रुही सेनेट ने इस देश से जुड़ा एक वीडियो यूटयूब पर पोस्ट किया था जिसमें बताया गया कि इस देश की आबादी करीब 1.2 करोड़ है। पर यहां के लोगों की सालाना आमदनी 180 डॉलर प्रति वर्ष, यानी 14 हजार रुपये प्रति साल है।

रुही सेनेट के वीडियो के अनुसार देश इतना गरीब है कि यहां हर 3 में से एक व्यक्ति बेरोजगार है और लोगों के पास घर चलाने के लिए पर्याप्त पैसे या संसाधन ही नहीं हैं।

इस देश में जॉगिंग बैन है। जी हां, बुरुंडी में जॉगिंग करना बैन कर दिया गया है। दरअसल, ये देश साल 2005 तक आंतरिक कलह और युद्ध से ग्रसित था। लोग देश के हालात और बंदिशों से इतने दुखी थे कि समूह में जॉगिंग करने निकल जाया करते थे और पास के पहाड़ तक जॉगिंग करते थे। वहां के राष्ट्रपति पियरे नकरुंजीजा को लगा कि शायद ये लोगों की साजिश है और वो सरकार के खिलाफ हिंसा करने के फिराक में हैं। बीबीसी के अनुसार बस इसी कारण से यहां साल 2014 में जॉगिंग को बैन कर दिया गया।

बुरुंडी में भले ही भुखमरी और अस्थिरता हो, पर इस देश में कई खूबसूरत और प्राकृतिक चीजें भी हैं। यहां दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा और गहरा ताजे पानी का तालाब है। इसका नाम Lake Tanganyika है।


इस देश में कई आदमखोर मगरमच्छ भी हैं। एंजॉय ट्रैवल वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार यहां एक बड़ा नील नदी का मगरमच्छ है। दावा किया जाता है कि ये आदमखोर है और इसने 300 से ज्यादा लोगों की जान ली है। 1996 में इस देश ने ओलंपिक्स में पहला गोल्ड मेडल जीता था। Venuste Niyongabo ने 5000 मीटर की दौड़ में ये मेडल जीता था।

## अजब-गजब | दुनिया में भीड़ को नियंत्रित करने का गजब तरीका

# सबसे अनुशासित देश में दिखा अनोखा नजारा!

अनुशासन से इंसान सुधरता है और देश संवरता है! अगर इस बात पूरी तरह कोई देश मानता है तो वो जापान। फीफा वर्ल्ड कप के मैच से लेकर जापान के वायरल होने वाले वीडियोज तक में आपको जापान का अनुशासन साफ नजर आ जाएगा। फुटबॉल मैच खत्म होने के बाद जापानी लोग फेंकी हुई बोतलों को जुटाकर डस्टबिन में फेंकते हुए कई बार नजर आ चुके हैं। यही वजह है कि बहुत से लोग इस देश को 'दुनिया का सबसे अनुशासित देश' मानते हैं। अब इस देश से जुड़ा एक और वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें भीड़ को नियंत्रित करते हुए दिखाया गया है।

ट्विटर अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें जापान के एक बेहद भीड़भाड़ वाले इलाके का दृश्य नजर आ रहा है। ट्विटर अकाउंट से इस वीडियो को शेयर किया गया है जिसमें इससे जुड़ी जानकारी दी गई है। ट्वीट के अनुसार ये जापानी स्टाइल का क्राउड मैनेजमेंट है।



वीडियो में टोक्यो की कॉमिक मार्केट दिखाई दे रही है जहां लगभग हर रोज 5 लाख लोग आते हैं। यहां लोगों को 7 कतारों के एक ग्रुप में खड़ा कर दिया जाता है। जैसे ही एक ग्रुप जगह से हटता है, वैसे ही दूसरा ग्रुप उसकी जगह ले लेता है। इस तरह इलाके में भीड़ नहीं होती है। वीडियो में भी ऐसा होते आप देख सकते हैं। सबसे ज्यादा तारीफ की बात ये है कि लोग भी इस नियम का पालन कर रहे हैं। अक्सर लोग ऐसे नियमों को ताक पर रखकर ही आगे बढ़ जाते हैं।

इस वीडियो को 21 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि ऐसा करने के लिए लोग भी इच्छुक होने चाहिए। एक ने कहा कि अमेरिका में ऐसा कभी भी नहीं मुमकिन हो पाएगा। कई लोगों को ये तरीका बेहद अजीब लगा। उन्होंने कहा कि अगर वहां ये सब नियम फॉलो किए जाते हैं तो वो जापान कभी नहीं जाएंगे।

# पहलवानों को इंसाफ दिलाने और लोग भी आए साथ

» खाप महापंचायत ने कहा- बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी हो

» सपा सांसद बर्क व मुक्केबाज विजेंदर भी समर्थन में

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



मुजफ्फरनगर। किसान नेता नरेश टिकैत ने पहलवानों को इंसाफ दिलाने के लिए मुजफ्फरनगर के सौरम चौपाल पर आज खापों की महापंचायत बुलाई। नरेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बालियान खाप के चौधरी हैं। टिकैत ने हरिद्वार में पहलवानों को गंगा में मेडल बहाने से रोका था। वहीं पहलवानों के समर्थन में सपा सांसद बर्क, मुक्केबाज विजेंदर, मनसे नेता राज ठाकरे, गोपीनाथ मुंडे की पुत्री व भाजपा सांसद प्रीतम मुंडे उतर आई हैं।

टिकैत ने रात में चेतावनी दी थी कि अगर सरकार बृजभूषण को गिरफ्तारी नहीं करेगी, तब 1 जून को मुजफ्फरनगर के ऐतिहासिक गांव सोरम में महिला खिलाड़ियों के सम्मान में खाप चौधरियों की एक महापंचायत होगी। महापंचायत में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड सहित दिल्ली के भी खाप चौधरी पंचायत में शामिल होंगे। उधर पुलिस ने जांच में 15 दिन का समय लगने की बात कही है।

## राज ठाकरे और प्रीतम मुंडे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

मुंबइ। मेडल विनर पहलवानों के समर्थन में अब मनसे प्रमुख राज ठाकरे भी उतर आए हैं। राज ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम लिखा पत्र जारी किया, जिसमें उन्होंने लिखा है कि देश की बेटियां जिनकी मेहनत से देश के कई मेडल जीते, वे न्याय की गुहार लगा रही हैं। उनके साथ 28 मई को जो हुआ वैसा व्यवहार नहीं होना चाहिए था। उन्होंने मोदी से अपील की कि पहलवानों की बातें सुनी जाएं और समाधान निकाला जाए। राज ने पत्र में लिखा है, महिला पहलवान, जिन्हें हम गर्व से हमारे देश की बेटियां कहते हैं, और उनके कठिन परिश्रम के बल पर देश को कई मेडल देखने का मौका मिला, वे कई दिनों में दिल्ली में न्याय की गुहार लगा रही हैं। राज ठाकरे के अलावा स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे की बेटी और बीजेपी सांसद प्रीतम मुंडे पहलवानों के समर्थन में उतर गई हैं।

## पहलवान जांच पूरी होने तक धैर्य रखें : अनुराग ठाकुर



खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों से धैर्य रखने व भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर लगे आरोपों को लेकर जारी जांच पर भरोसा करने को कहा है। अब तक पहलवानों के कहने पर ही सभी कदम उठाए गए हैं। ऐसे में पहलवानों को जांच पूरी होने का इंतजार करना चाहिए, भारत का कानून सभी के लिए एक समान है, दरअसल, कई पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सरकार द्वारा जारी पुलिस जांच पर भरोसा करने के आह्वान के बावजूद विरोध जारी रखा है। ये पहलवान, बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे।

# चढ़ेगा तापमान, जल्द आएगा मानसून



» 20 वर्षों में चौथी बार जमकर बरसे बादल

» तीन-चार दिन चलेंगी तेज हवाएं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण बीस सालों में इस बार मई के महीने में चौथी बार सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। वर्ष 2008 में सबसे अधिक 165 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। उत्तर भारत समेत दिल्ली एनसीआर में बीते कुछ दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। लगातार हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो रही है। मई के महीने में 11 दिन बारिश हुई है।

अब जून शुरू हो गया है, यह मानसून का महीना होता है। अभी एक से दो जून तक 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा के साथ हल्की बारिश होगी। छह जून तक बादलों की आवाजाही के कारण तापमान 40 डिग्री के नीचे ही बना रहेगा। तीन से चार दिन बाद पूरे उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 37-39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24-25 डिग्री के बीच बना रहेगा। पूरे महीने में 111 मिमी बारिश हो चुकी है। बारिश का यह दौर बुधवार सुबह से रात तक जारी रहा। विभिन्न इलाकों में अलग-अलग समय पर रुक-रुककर तेज बारिश होती रही। इस कारण से मई के अंतिम दिन ठंड का अहसास हुआ। तेज हवाओं व बारिश के कारण अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री तक लुढ़क गया। अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से छ डिग्री कम 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि इस साल मई के महीने में 111 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण मई के महीने में औसत अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस ही रहा। इससे पहले वर्ष 1987 में मई इतनी ठंडी रही थी जब मई के महीने में औसत अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, दिल्ली में 36 साल बाद मई का महीने सबसे ठंडा दर्ज किया गया।

## 36 साल में सबसे ठंडा बीता मई का महीना

मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, दिल्ली में 36 साल बाद मई का महीने सबसे ठंडा दर्ज किया गया, इस बार अत्यधिक बारिश के कारण औसत अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस तक बना रहा। जिससे लू चलने के दिनों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई।

# सनसनी न फैलाएं, मैं भागने वाला नहीं : पूर्व सीएम चन्नी

» क्रिकेटर से रिश्वत का मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया और कहा कि मुझ पर लगे रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के सभी आरोप झूठे हैं। उनके भतीजे ने भी ऐसा कुछ नहीं किया है। अगर उनके खिलाफ कोई शिकायत है तो जांच कराकर मामला दर्ज करें, इस तरह मामले को सनसनीखेज बनाने और बदनाम करने या अपमानित करने की जरूरत नहीं है।

मुख्यमंत्री जो करना चाहते हैं करें, मैं भागने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा- मैं और मेरा परिवार तैयार है। अगर मुख्यमंत्री मुझे और मेरे पूरे परिवार को जेल में डालना चाहते हैं तो डाल दें, मैं नाक रगड़ने नहीं जाऊंगा।

# हटाए गए अपर मुख्य सचिव वित्त प्रशांत त्रिवेदी

» यूपी में पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ उत्तर प्रदेश में पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। एसीएस वित्त प्रशांत त्रिवेदी को हटाया गया है। वह आयुष घोटाले में ईडी और सीबीआई की जांच के दायरे में थे। इसके अलावा कानपुर के कमिश्नर राजशेखर का तबादला किया गया है।

दीपक कुमार को एसीएस वित्त का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है। कानपुर के मंडलायुक्त राजशेखर का भी तबादला कर दिया गया है। उन्हें सचिव कृषि बनाया गया है। लोकेश एम कानपुर के नए कमिश्नर नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा, यशोद त्रषिकेश भास्कर सहारनपुर के कमिश्नर बनाए गए हैं।

# पीवी सिंधु थाईलैंड ओपन से बाहर

» नेहवाल, सात्विक-चिराग और सेन आगे बढ़े

» मेंस सिंगल्स में किरण जॉर्ज का भी जलवा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



बैंकॉक। बैंकॉक में खेले जा रहे थाईलैंड ओपन में राउंड ऑफ 32 के मुकाबले हुए। इसमें पीवी सिंधु को हार का सामना करना पड़ा। वहीं, दूसरी ओर भारत के अन्य शटलर्स जैसे साइना नेहवाल, सात्विक-चिराग और लक्ष्य सेन को कामियाबी मिली। आज की हीरो भारत के किरण जॉर्ज रहे। प्रकाश पादुकोण की अकादमी से आने वाले किरण ने मेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 32 मैच में वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे नंबर के चीन के शटलर शी यू की को दो गेम में हराया। किरण ने 21-18 और 22-20 से दो मैच जीते।

मेंस सिंगल्स में किरण जॉर्ज और लक्ष्य सेन को जीत मिली। इस साल बुरे फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन को राउंड ऑफ 32 में चाइनीज ताइपे के वांग के खिलाफ तीन गमन में 2-1 से जीत मिली। पहले सेट में वांग ने 21-23 से जीत हासिल की। इसके बाद लक्ष्य सेन लगातार 21-15 और 21-15 के स्कोर पर 2 गेम जीते।जॉर्ज ने किरण जॉर्ज ने लगातार 2 गेम में चीन के शी यू की को हराया। पहले सेट में 18-21 से और दूसरे सेट में 20-22 से।

## राजावत-श्रीकांत-वर्मा हारे

ऑरलियंस मास्टर्स जीतने वाले शटलर प्रियांशु राजावत, भारत के स्टार शटलर किदाम्बी श्रीकांत, साई परिनीत और समीर वर्मा को हार का सामना करना प?ा। समीर लगातार 2 सेट में डेनमार्क के जोहानसन के खिलाफ हारे। वहीं, राजवत मलेशिया के ते योंग के खिलाफ 2 गेम में 19-21 और 10-21 से हारे। किदांबी श्रीकांत के लिए सीजन अच्छा नहीं रहा। श्रीकांत चीन के वेंग होंग्यांग के खिलाफ नजदीकी मुकाबले में हारे। पहल गेम 8-21 से हारे। फिर श्रीकांत ने कमबैक कर 16-21 से जीत दर्ज की और उसके बाद होंगयांग ने 14-21 से आखिरी सेट जीत कर श्रीकांत को हराया। साई परिणित फ्रांस के क्रिस्तो पोपोव के खिलाफ लगातार 2 गेम में 21-14 और 21-16 से हारे।

## धोनी के घुटने की सर्जरी सफल

**मुंबई।** आईपीएल के दौरान चोटिल हुए महेंद्र सिंह धोनी की गुरुवार को घुटने की सर्जरी की गई। सर्जरी मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में हुई है। 5वीं बार चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल का खिताब दिलाने वाले धोनी को टूर्नामेंट के पहले ही मैच में चोट लग गई थी। सीइओ काशी विश्वनाथ ने धोनी को अगले सीजन के मिनी ऑक्शन से रिलीव किए जाने पर कहा,सच कहूं तो हमने अभी नहीं सोचा है। यह धोनी पर निर्भर करता है कि वह आगे क्या फैसला लेंगे। धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे।



# साहिल की पुलिस रिमांड तीन दिन बढ़ी

## दिल्ली का साक्षी हत्याकांड

» कोर्ट में आज फिर किया गया पेश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में हुए साक्षी हत्याकांड के आरोपी साहिल खान की पुलिस रिमांड बढ़ा दी गई है। दरअसल, साहिल की रिमांड खत्म होने पर दिल्ली पुलिस ने आज गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी की पुलिस हिरासत तीन दिनों के लिए बढ़ाई गई। दिल्ली पुलिस द्वारा आरोपी को सोमवार को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार किया गया था।

इसके बाद मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने आरोपी को दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा था। रिमांड में पूछताछ के दौरान साहिल पुलिस को लगातार गुमराह कर रहा है। वह बार-बार अपने बयान बदल रहा है। साक्षी की हत्या के बाद उसने पुलिस से बचने के लिए हर तरकीब का सहारा लिया। बुलंदशहर जाने से पहले साहिल रिठाला गया और वहां हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार छिपाया फिर दो बसें बदलकर बुआ के घर जाकर छिप गया था। आरोपी ने इस निर्मम हत्या को क्यों अंजाम दिया। अब तक दिल्ली पुलिस ने इस बात का खुलासा नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि साहिल पर आरोप है कि शाहबाद डेरी इलाके में उसने पहले 16 साल की किशोरी साक्षी को चाकू से गोदा और फिर पत्थर से सिर कुचलकर मार डाला।



### मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल बरामद कर लिया है और सीडीआर (कॉल डिटेल रिकार्ड) व व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम चैट खंगालनी शुरू कर दी है। साहिल के मोबाइल से कुछ अहम जानकारी मिलने के बाद पुलिस आरोपित के दोस्तों और साक्षी की सहेलियों से पूछताछ कर उनके मोबाइल के चैट की पड़ताल कर रही है।

### साहिल के तीन दोस्त भी होंगे गिरफ्तार

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने से पता चला है कि साहिल के दोस्त भी हत्या के समय आसपास ही थे। ये शायद 50 मीटर के दायरे में रहे होंगे। साहिल के करीबी दोस्तों की पहचान वीरू, आजाद और प्रदीप के तौर पर हुई है। पुलिस टीम ने वीरू के घर में रेड भी की। चाकू की बरामदगी के लिए तलाशी ली गई। सूत्रों ने एनबीटी रिपोर्टर शंकर सिंह को बताया है कि साहिल की कॉल डीटेल रिकॉर्ड निकलवाई गई है, जिसमें हत्या के आसपास आजाद से बात होने का खुलासा हुआ है इसीलिए इसे पकड़ा गया है। पुलिस जानना चाहती है कि आखिर साहिल ने उससे क्या बात की? क्या वह हत्याकांड के बारे में जानता था या इस साजिश में वह भी शामिल था। जांच में पता चला है कि साहिल इलाके के आवारा लड़कों का गैंग चलाता था। इससे आसपास के लोग परेशान थे। पुलिस साहिल से जुड़े लड़कों की पहचान कर रही है, जिन्हें जल्द पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। पुलिस ने एक लड़के को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस दे रखा है। ये भी नाबालिग लड़की का पुराना दोस्त बताया जा रहा है, जो फिलहाल यूपी के जौनपुर में है। नाबालिग लड़की ने प्रवीण के नाम का टैटू गुदवा रखा था।

# हिमाचल में बस खाई में गिरी, 40 यात्री घायल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

करसोग। जिला मंडी के करसोग उपमंडल में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस 300 मीटर खाई में गिर गई। बस में 40 लोग सवार थे। इनमें चालक गंभीर रूप से घायल है और शेष लोगों को अधिक चोटें नहीं आई है। गनीमत यह रही कि बस सड़क से उतरने के बाद पेड़ों से जा लटकी और पलटी नहीं। बस करसोग से मेहंडी ज्वालापुर रूट पर जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस में खरोगी नामक जगह पर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे लुढ़क गई।

बस को नीचे गिरता देख आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायलों को अपने वाहनों में करसोग अस्पताल ले गए। घायलों में चालक को ही अधिक चोटें आई हैं। शेष घायलों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही आरएम करसोग, तहसीलदार और डीएसपी करसोग घटनास्थल पर पहुंच गए। प्रशासन के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने ही घायलों को निकाल लिया था और अपने वाहनों में ही अस्पताल ले गए।


# सिसोदिया की अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी पेशी

## पेशी के दौरान भीड़ पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

» सिर्फ परिवार वालों और वकीलों से मिल सकेंगे पूर्व डिप्टी सीएम

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति में कथित घोटाले का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में आज गुरुवार को ईडी ने कोर्ट को बताया कि सभी आरोपियों को आरोपपत्र की कापी दे दी गई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह मनीष सिसोदिया से पूछेंगे की क्या पिछली पेशी पर उनके साथ बदतमीजी हुई थी? इसके अलावा सिसोदिया की पेशी के दौरान भीड़ इकट्ठा होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई।



कोर्ट ने कहा कि अगर मीडिया पर बैन लगाने की जरूरत होगी तो उस पर भी विचार करेंगे। हिरासत में सिसोदिया को सिर्फ परिवार के सदस्यों और वकीलों से मिलने की इजाजत होगी। वह किसी बाहर के व्यक्ति से मुलाकात नहीं कर सकेंगे। मामले की सुनवाई के दौरान सिसोदिया के वकील ने कहा कि मीडिया वालों ने सवाल किया था जिसका सिसोदिया जवाब दे रहे थे उस समय कोई भी आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता मौजूद नहीं था। सिसोदिया के वकील ने आगे कहा कि जानकारी के लिए कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज भी मांगाकर देखा जाना चाहिए। इससे मामला साफ हो जाएगा। वहीं, दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में अर्जी लगाई है कि सिसोदिया को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया जाए, ताकि पिछली पेशी जैसे हालात न बने।

### अगली सुनवाई 19 जुलाई को

ईडी मामले में अब मनीष सिसोदिया के अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। कोर्ट ने साफ किया कि जब तक सिसोदिया की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी को लेकर दायर अर्जी पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये ही पेशी होगी, कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी नहीं होगी।

फोटो :4 पीएम



**सम्मान** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपदाओं के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के अधिकारियों/जवानों को प्रशस्ति-पत्र वितरित किया, इसके अलावा 66.40 करोड़ की लागत से 1.5 एकड़ में विस्तृत उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के भवन का शिलान्यास, राज्य आपदा प्रबंधन योजना का शुभारम्भ व विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए लघु फिल्म एवं रेडियो जिंगल की भी शुरूआत की।

# भारत-नेपाल के बीच रामायण सर्किट के विकास पर जोर

» मोदी से मिले नेपाली पीएम पुष्प कुमार दहल प्रचंड

» दोनों प्रधानमंत्रियों ने कुर्था-बिजलपुरा रेलवे खंड का संयुक्त रूप से किया वर्चुअल उद्घाटन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



### लॉन्ग टर्म पावर ट्रेड का हुआ समझौता

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच ट्रांजिट समझौते पर हस्ताक्षर हुए। हमने कनेक्टिविटी ब?ाने के लिए नया रेल लिंक बनाया है। भारत और नेपाल के बीच लॉन्ग टर्म पावर ट्रेड समझौता हुआ है। इससे हमारे पावर सेक्टर को मजबूती मिलेगी। भारत और नेपाल के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध काफी पुराने हैं और इन्हें और मजबूत किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नौ साल पहले 2014 में मैंने नेपाल का पहली बार दौरा किया था। उस समय मैंने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए एचआईटी फार्मूला दिया था। जिसके तहत हाइवे, आई-वे और ट्रांस-वे का निर्माण किया जा रहा है। हम ऐसे संबंध स्थापित करेंगे, जिससे भारत और नेपाल के बीच सीमाएं बाधा नहीं बन पाएंगी। इसके लिए आज कई अहम फैसले लिए गए हैं।

नई दिल्ली। भारत और नेपाल के बीच हमेशा से दोस्ती का रिश्ता रहा है। अब एक बार फिर दोनों देशों के बीच का दोस्ताना रिश्ता देखने को मिला। दरअसल, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल प्रचंड चार दिन के दौरे पर भारत आए हैं। भारत आए प्रधानमंत्री प्रचंड ने सबसे पहले महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर जाकर बापू को श्रद्धांजलि दी।

उसके बाद नेपाली प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के रिश्तों पर बात की और साथ ही दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने कुर्था-बिजलपुरा रेलवे खंड का संयुक्त रूप से वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल और भारत के संबंध काफी पुराने और मजबूत हैं। द्विपक्षीय चर्चा में रामायण सर्किट के विकास के कामों में तेजी लाई जाएगी। साथ ही दोनों देशों के बीच के मुद्दों को बातचीत से सुलझाया जाएगा। रेल खंड के उद्घाटन पर भारत के बाथनाहा से रेलवे कार्गो ट्रेन नेपाल के कस्टम यार्ड पहुंची। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की मुलाकात पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट करते हुए लिखा कि दोस्ती और सहयोग के गठबंधन को गहरा करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड से हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर मुलाकात हुई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक बबिता चतुर्वेदी के लिए 4पीएम आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। प्रधान संपादक- अर्चना दयाल, संपादक - संजय शर्मा, विधि सलाहकार: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार: संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट: हसन जैदी, दूरभाष: 0522- 4078371 | Email: daily4pm@gmail.com | website: www.4pm.co.in | RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।